हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, 20 अगस्त, 2025

11 फतेहाबाद में नई कालोनियों में डलेगी सीवरेज लाइन, जल्द...



12 शहर में खाली प्लाट बने डस्टबिन, आमजन को...



## खबर संक्षेप

### वाहनों की नई पंजीयन सीरिज शुरू

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद उपमंडल क्षेत्र की वाहन पंजीकरण की नई सीरीज एचआर22-डब्ल्यू मंगलवार 19 अगस्त से शुरू हो गई है। एसडीएम एवं रजिस्ट्रींग अथॉरिटी (मोटर्स) राजेश कुमार ने बताया कि फतेहाबाद में एचआर-22वी की सीरिज समाप्त हो चुकी हैं। नई सीरीज एचआर22-डब्ल्यू अनुसार जो भी व्यक्ति पेड नंबर लेना चाहता है वह परिवहन पोर्टल पर जाकर अपना यूजर आईडी बनाकर ऑनलाइन नीलामी के माध्यम से अपनी पसंद का वाहन रजिस्ट्रेशन नंबर ले सकता हैं।

### नशे के आरोपी को दबोचा डोडा पोस्त बरामद

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस नशे के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक और आरोपी को गाड़ी सहित काबू किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जवाहर लाल उर्फ अमन पुत्र बलवंत सिंह निवासी पारतां, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से 1 किलो 380 ग्राम डोडा पोस्त बरामद की गई है।

### कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए अंतिम तिथि आज

**सिरसा।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम के तहत कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए आवेदन आमंत्रित किए है। पात्र किसान योजना का लाभ लेने के लिए पोर्टल पर 20 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। सहायक कृषि अभियंता विजय जैन ने बताया कि सिरसा जिले में इस स्कीम के तहत व्यक्तिगत श्रेणी में किसानों को सुपर सीडर, सरफेस सीडर, हैप्पी सीडर/स्मार्ट सीडर, सर्ब मास्टर /स्लेशर, स्ट्रा बेलर, हे-रेक आदि पर 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा।

### फतेहाबाद में इफको केंद्र पर पहुंची डीएपी खाद

**फतेहाबाद।** पिछले कई दिनों से खाद की इंतजार कर रहे किसानों को मंगलवार को राहत मिली। अनाज मण्डी स्थित इफको बिक्री केंद्र पर आज 1400 बैग डीएपी खाद पहुंची है। खाद मिलने की सूचना पाकर क्षेत्र के किसान सुबह 6 बजे से ही लाइनो में लगने शुरू हो गए। भीड़ को देखते हुए पुलिस की मौजूदगी में खाद का वितरण किया गया। इस दौरान प्रत्येक किसान को चार-चार बैग डीएपी खाद दी गई।

### रतिया में हेरोइन सहित यूपी का युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए रतिया पुलिस ने यूपी के एक युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सिफारिश उर्फ अली पुत्र शौकीन निवासी खिजारपुर, जिला कासगंज, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि पुलिस टीम नियमित गश्त पर थी। इसी दौरान संदिग्ध अवस्था में मिले व्यक्ति को शक के आधार पर रोककर तलाशी ली गई, जिसमें 6.67 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### मारपीट और धमकी देने के मामले में तीन काबू

**फतेहाबाद।** मारपीट और जान से धमकी देने के मामले में भुना पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों को काबू किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अंकित उर्फ बॉक्सर पुत्र रामनिवास निवासी वार्ड नं. 7 भुना, विकास उर्फ लीलू पुत्र पाला राम निवासी वार्ड नं. 9 भुना तथा रजत उर्फ कातिल पुत्र सतीश कुमार निवासी रामलीला ग्राउंड भुना के रूप में हुई है। थाना प्रबंधक भुना उपनिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि इस बारे अनमोल उर्फ जग्गी पुत्र सुरेश निवासी वार्ड नं. 7 भुना ने शिकायत दर्ज करवाई थी।

## बिजली निगम द्वारा लगाए जा रहे पोल का किसानों ने किया विरोध

# थ्री फेस बिजली कनेक्शन को लेकर मचा बवाल

*5 घंटे की मशक्कत के बाद प्रशासन ने शुरू कराया पोल लगाने का काम*

किसानों के विरोध के बीच अधिकारियों ने सूझबूझ से निकाला हल, आत्महत्या की धमकी से हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

गांव जांडली कलां में थ्री फेस कनेक्शन को लेकर मंगलवार को जमकर बवाल हुआ। फतेहाबाद-भूना रोड पर प्रस्तावित एक होटल एवं मोटर गैरेज के लिए बिजली निगम द्वारा लगाए जा रहे पोल का किसानों ने कड़ा विरोध किया। इस दौरान एक किसान जगपाल उर्फ जग्गा द्वारा कीटनाशक पीने की धमकी देने से मौके पर हडकंप मच गया।

करीब 5 घंटे तक प्रशासन, बिजली निगम अधिकारी और किसान आमने-सामने रहे। जानकारी के अनुसार गांव जाण्डली कलां निवासी राजेश कुमार कुलडिया ने नवंबर 2024 में ऑनलाइन थ्री फेस कनेक्शन के लिए आवेदन किया था। बिजली निगम ने 3.40 लाख रुपये का एस्टीमेट तैयार किया और 48 हजार रुपये सिक्योरिटी के तौर पर जमा करवाए। जनवरी 2025 में जब पोल लगाने का कार्य शुरू हुआ तो किसान मनोज कुमार व जगपाल सिंह ने अपनी जमीन से पोल गुजरने का हवाला देकर विरोध शुरू कर दिया। बिजली निगम के अधिकारियों ने अब तक तीन बार पोल लगाने की कोशिश की, लेकिन हर बार किसानों ने विरोध कर कार्य रुकवा दिया। किसानों का कहना है कि उनकी 3.5 एकड़ जमीन में खड़ी फसल को नुकसान पहुंचाया जा रहा है और बार-बार परेशान किया जा रहा है। मामला कोर्ट में भी लंबित है, जिसकी सुनवाई 27 अगस्त को होनी है।



भूना। बिजली पोल लगाने का विरोध करते किसान। फोटो: हरिभूमि

### ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस बल रहा तैनात

मंगलवार को प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं बागवानी अधिकारी पवन कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात किया। एसडीओ अमित कुमार, जेई सतीश कुमार और फोरमैन सत्यवान वर्मा जैसे ही पोल लगाने पहुंचे, किसानों ने जमकर हंगामा कर दिया। गुस्साए किसान कोर्ट स्टे या दस्तावेज दिखाने की मांग करते रहे, जबकि अधिकारियों ने संयम बरतते हुए विवाद सुलझाने की कोशिश की। किसान जगपाल द्वारा आत्महत्या की धमकी देने से अधिकारियों के हाथ-पांव फूल गए, लेकिन एसडीओ अमित कुमार और थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने सूझबूझ से काम लेते हुए दोनों पक्षों को बातचीत के लिए राजी किया। करीब 5 घंटे की कड़ी मशक्कत और कई दौर की वार्ता के बाद समझौता हुआ। देर शाम बिजली निगम ने पोल लगाने की कार्रवाई शुरू की, जिससे अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

### क्या कहते हैं एसडीओ

एसडीओ अमित कुमार का कहना है कि बिना तनाव के दोनों पक्षों की सहमति से पोल लगा दिए गए हैं। बुधवार से राजेश कुमार को बिजली आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। भूना थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने कहा कि हमने किसानों को शांत किया और बैठाकर उनके गिले-शिकवे सुने। आपसी समझ के साथ मामला सुलझा लिया गया है।

# यूथ मैराथन में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे नशा मुक्ति केंद्र

- युवाओं में उत्साह, 24 को मुख्यमंत्री दिखाएंगे हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

नशे के खिलाफ जनजागरूकता के लिए डबवाली में 24 अगस्त को सुबह छह बजे यूथ मैराथन का आयोजन किया जाएगा। यूथ मैराथन को मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यूथ मैराथन को लेकर जिला के युवाओं में जबरदस्त उत्साह है वहीं ग्राम पंचायत, सामाजिक संगठन व नशा मुक्ति केंद्र भी सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिलौड के साथ बैठक में नशा मुक्ति केंद्र के संचालकों ने व्यापक भागीदारी का आश्वासन देते हुए नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान में शामिल होने की बात कही। जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिलौड ने कहा कि नशा मुक्त हरियाणा के संदेश के साथ निकाली जा रही मैराथन में व्यापक जनभागीदारी होगी।

### विजेताओं को मिलेंगे 6 लाख से अधिक के पुरस्कार

यूथ मैराथन में विभिन्न आयु वर्गों के पुरुष एवं महिला प्रतिभागियों को छह लाख रुपये से अधिक के नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। पुरुष व महिला विजेताओं को अलग-अलग नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। ओवरऑल श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 50 हजार, द्वितीय स्थान को 37,500 और तृतीय स्थान को 25,000 का नकद इनाम मिलेगा। इसके अलावा, 21.1 किलोमीटर स्पर्धा में अंडर-18, 18 से 45, 45 से 60 और 60 प्लस आयुवर्ग श्रेणियों में विजेताओं को क्रमशः 10 हजार, 7,500 और पांच हजार रुपये प्रदान किए जाएंगे। वहीं 10 किलोमीटर दौड़ में ओवरऑल विजेता को 25 हजार रुपये, दूसरे स्थान को 15 हजार रुपये और तीसरे स्थान को 10 हजार रुपये मिलेंगे। आयु वर्ग के हिसाब से अंडर-18, 18 से 45, 45 से 60 और 60 प्लस प्रतिभागियों को विजेता के रूप में 7,500, प्रथम रनर-अप को पांच हजार रुपये और द्वितीय रनर-अप को तीन हजार रुपये की राशि दी जाएगी।

## रतिया में नाले के निर्माण से राहगीर व दुकानदार परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

शहर में फोरलेन सडक़ के निर्माण के बाद बरसाती पानी की निकासी के लिए बनाए जा रहे नाले के दौरान ठेकेदार एवं कर्मचारियों की लापरवाही के कारण नगर के राहगीरों एवं दुकानदारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नाले के निर्माण के दौरान संपर्क बाजारों की पुलियां तोड़ देने से उन बाजारों का संपर्क मुख्य सडक़ से टूट गया है। पेयजल सप्लाई की पाइपें तोड़ दी गई है। सीवरेज की पाइपें भी टूट गई है, जिस कारण आम लोग परेशान हैं। सिटी वेलफेयर क्लब रतिया के अध्यक्ष अशोक चोपड़ा ने विभाग के उच्चाधिकारियों से आग्रह किया है कि नियम एवं कायदे लागू किए जाए। संपर्क मार्गों पर साथ की साथ पुलियां बनाई जाए। इसके अलावा जो कनेक्शन टूट गए है उन्हें विभाग या ठेकेदार अपने खर्च पर चालू करवाएं।



रतिया। सडक़ निर्माण के चलते बंद हुआ रास्ता। फोटो: हरिभूमि

## गोलीकांड मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** शराब के नशे में गाली गलौच करने और जान से मारने की नीयत से गोली चलाने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना जाखल पुलिस ने दो आरोपियों को काबू कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। थाना जाखल प्रभारी उपनिरीक्षक कुलदीप ने बताया कि 25 जुलाई को गांव चांदपुरा निवासी दर्शन सिंह पुत्र करतार सिंह ने पुलिस को दिए बयान में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी बबली सिंह पुत्र जरनैल सिंह निवासी चांदपुरा ने शराब के नशे में उसके घर के सामने गाली-गलौज की और जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। गोली लगने से दर्शन सिंह घायल हो गया, जिसे तुरंत नागरिक अस्पताल जाखल में भर्ती करवाया गया।

# नकदी और शराब की पेटियां चुराई

- पंजाब सीमा पर स्थित शराब ठेके की तोड़ी दीवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

रतिया क्षेत्र में पंजाब सीमा पर स्थित शराब ठेके की दीवार तोडक़र चोर नकदी और शराब की पेटियां चुरा ले गए। आरोपी जाते-जाते कारिंदे को भी चोट मार गए। मामले की सूचना कारिंदे ने ठेकेदार और पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। मिली जानकारी के अनुसार, गांव बब्बनपुर से कुलरिया रोड पर पंजाब सीमा के पास शराब ठेका बना हुआ है। इसमें रात को कारिंदा प्रशांत कुमार सोया हुआ था। इसी दौरान ठेके के गेट के पास से दीवार तोडक़र चोर अंदर घुसे। चोरों ने वहां से छह पेटी अंग्रेजी शराब और दो पेटी बीयर की निकाल ली। गल्ले में रखे हुए तीन हजार रुपए भी चोरी कर लिए। ?हालांकि, चोरों ने बड़े शातिराना तरीके से चोरी को अंजाम दिया। मगर उनकी आवाज सुनकर कारिंदा प्रशांत कुमार जाग गया। उसने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने उसकी पीठ दिया। प्रशांत कुमार चोटिल हो गया। बाद में आरोपी फरार हो गए। इसके बाद सूचना पुलिस हेल्पलाइन नंबर पर दी गई। इसके बाद पुलिस ने आकर जानकारी ली।




रतिया। शराब ठेके पर हुई चोरी की जानकारी देता हुआ कारिंदा।

# स्कॉर्पियो ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत

- हादसे में अन्य तीन छात्र घायल, सीएचसी में हंगामा, पुलिस ने हालात संभाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

बस स्टैंड के मुख्य गेट के सामने मंगलवार दोपहर बाद हुए सड़क हादसे ने शहर में सनसनी फैला दी। कॉलेज की क्लास समाप्त कर चार छात्र बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे, तभी बस स्टैंड के सामने फतेहाबाद की दिशा से आ रही तेज रफ्तार एक काले रंग की स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भयावह था कि बाइक पर बैठे छात्र विजय कुमार वार्ड नंबर 5 भूना निवासी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, उसके तीन साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में गांव डूल्ट का सुमित कुमार, भूना के साहिल और अमनदीप सिंह शामिल हैं। उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भूना पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सुमित की गंभीर हालत को देखते हुए उसे हिसार रेफर कर दिया, जबकि साहिल और अमनदीप का इलाज फिलहाल सीएचसी में चल रहा है। स्कॉर्पियो चालक मोटरसाइकिल को होते हुए कुला रोड की दिशा में भाग गया।



भूना। स्कॉर्पियो के साथ दुर्घटनाग्रस्त बाइक सवार घायल सुमित कुमार, साहिल और अमनदीप सिंह। फोटो: हरिभूमि

### पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग

स्थानीय लोगों का कहना है कि बस स्टैंड और कॉलेज रोड पर अक्सर तेज रफ्तार वाहन दौड़ते हैं, लेकिन ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त न होने के कारण ऐसे हादसे आम हो गए हैं। लोगों ने प्रशासन से इस मार्ग पर बैरिकेड लगाने और पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। घटना के बाद से छात्रों में रोष है। गवर्नमेंट कॉलेज भूना के छात्र लगातार घटनास्थल और सीएचसी में जुटकर न्याय की मांग कर रहे हैं। मृतक छात्र विजय कुमार का परिवार गहरे सदमे में है।फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई जारी है। इस दर्दनाक हादसे ने भूना शहर को झकझोर कर रख दिया है और इलाके में शोक का माहौल बना हुआ है।

# राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय के हेल्थ सेंटर द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 'निक्षय मित्र' पहल की शुरुआत की गई। इस पहल का मुख्य उद्देश्य देश को टीबी के रोग से मुक्त करना और समाज में जागरूकता फैलाना है। विश्वविद्यालय मेडिकल ऑफिसर डॉ. शैफाली ने बताया कि निक्षय मित्र पहल के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा ये प्रोग्राम लोगो को टीबी के रोग के प्रति जागरूक करने के लिए देश भर में आयोजित किए जा रहे है। इसी के अंतर्गत यह कार्यक्रम मंगलवार को विश्वविद्यालय के सीवी रमन भवन के सेमिनार हाल में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने शिरकत की। कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि क्षय रोग उन्मूलन के लिए केवल स्वास्थ्य सेवाएं ही पर्याप्त नहीं, बल्कि सामाजिक सहयोग और जागरूकता भी उतनी ही आवश्यक है।



# टोहाना में सांड ने 4 बच्चों पर हमला किया, सींग पर उठाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना

- बच्चे ने सूझबूझ दिखाते हुए भागकर अपनी जान बचाई

शहर में आवारा पशुओं का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। नगरपरिषद के तमाम प्रयासों के बावजूद शहर की गलियों और सडक़ों पर घूम रहे बेसहारा पशु लोगों के लिए परेशानियों का कारण बने हुए हैं। मंगलवार को भी शहर में एक सांड ने 4 बच्चों पर हमला कर दिया और एक को सींग पर उठा दिया। घटना टोहाना के रामनगर इलाके की है और गली में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बच्चे ने सूझबूझ दिखाते हुए भागकर अपनी जान बचाई। बता दें कि नगर परिषद टोहाना ने बेसहारा पशुओं की समस्या से निपटने के लिए एक निजी कंपनी को ठेका दिया है। कंपनी को प्रति सांड एक हजार रुपए पकडऩे के दिए जाते हैं। इसके बावजूद शहर में आवारा पशुओं की संख्या में कोई कमी नहीं आई है। सामाजिक कार्यकर्ता गौरव ने मंगलवार को नगर परिषद को शिकायत दी है। उन्होंने कंपनी का ठेका रद्द करने की मांग की है। लगातार बढ़ते हादसों के कारण स्थानीय लोगों में भय का माहौल है। आपको बता दे कि इससे पहले करीबन एक माह पहले गोशाला में गाय को रोटी देने के लिए साइकिल पर जा रहे बुजुर्ग को सांड ने टक्कर मार दी थी।

# करीब 12 लाख की हेरोइन सहित तीन तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डबवाली

- 75 ग्राम हेरोइन बरामद, मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज


पुलिस ने नशा तस्करों पर शिकंजा कसते हुए करीब 12 लाख रुपये की हेरोइन सहित तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। सीआईए प्रभारी डबवाली राजपाल ने मंगलवार को बताया पुलिस टीम डबवाली शहर क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को पार्क के साथ एक युवक खड़ा दिखाई दिया जो कि पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। पुलिस ने उसका पीछा किया और उसे दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 75 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में तस्कर की पहचान अजय कुमार उर्फ चौथू निवासी डबवाली के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना शहर डबवाली में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज किया गया है। आरोपी अजय को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा और रिमांड अवधि के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ कर इस हेरोइन तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में नाम पता मालूम कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा सीआईए कालांवाली पुलिस ने गांव पाना क्षेत्र से दो युवकों को करीब चार लाख रुपये की 40 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है।

## पहले दिन लगेगा साल का अंतिम चन्द्र ग्रहण

# पितृपक्ष : श्राद्ध पक्ष 7 सितम्बर से होंगे शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

हिंदू समाज में पितृ पक्ष खास माना गया है। आम बोलचाल की भाषा में इसे श्राद्ध भी कहा जाता है। यह समय पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए समर्पित माना जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, हर साल भाद्रपद मास की पूर्णिमा से लेकर आश्विन मास की अमावस्या तक यह पक्ष चलता है। धार्मिक मान्यता है कि इस दौरान पिंडदान, तर्पण और श्राद्ध करने से पितर प्रसन्न होते हैं और हमें उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है। मान्यता है कि जो लोग अपने पितरों का श्राद्ध पूरी श्रद्धा और विधिपूर्वक करते हैं, उनके जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है। श्री श्याम मंदिर फतेहाबाद के पुजारी पंडित सोनू शर्मा के अनुसार, पितृ पक्ष भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा से शुरू होता है और आश्विन मास की अमावस्या तक चलता है।



पंडित सोनू शर्मा।

- पितरों का श्राद्ध करने से जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती

### गाय, कुत्ते और कौवे के लिए भोजन निकालना जरूरी

श्राद्ध कर्म करने के लिए किसी योग्य ब्राह्मण को बुलाना चाहिए। ब्राह्मणों की मदद से तर्पण और पिंडदान कराया जाता है। इस दौरान पूरी श्रद्धा से ब्राह्मणों को भोजना करना और दक्षिणा देनी चाहिए। यही नहीं, यदि किसी गरीब, जरूरतमंद की मदद करें तो उसका पुण्य कई गुना बढ़ जाता है। श्राद्ध में गाय, कुत्ते और कौवे के लिए भोजन निकालना बहुत जरूरी माना जाता है। इन्हें भोजन देने के बाद अपने पितरों का स्मरण करते हुए उनसे श्राद्ध ग्रहण करने की प्रार्थना करनी चाहिए। पंडित सोनू शर्मा के अनुसार श्राद्ध पूजा का सबसे अच्छा समय दोपहर को बताया गया है। पूजा के बाद जल से तर्पण करें और भोजन में से गाय, कुत्ते व कौवे आदि का हिस्सा अलग से निकाल करके पहले उन्हें खिलाएं।

### मृत्यु तिथि न याद होने पर करे सर्वपितृ श्राद्ध

श्राद्ध कर्म मृत्यु तिथि के आधार पर किया जाता है। यानी जिस दिन व्यक्ति की मृत्यु हुई थी, पितृ पक्ष के उसी दिन उसका श्राद्ध किया जाता है। अगर किसी को अपने पूर्वज की मृत्यु तिथि याद नहीं है, तो वे अमावस्या के दिन सर्वपितृ श्राद्ध कर सकते हैं। यह तिथि उन सभी पितरों के लिए होती है जिनकी मृत्यु तिथि मालूम न हो।

### 7 सितम्बर को 9 बजकर 58 मिनट पर लगेगा चंद्र ग्रहण

चंद्र ग्रहण 7 सितंबर को रात 9 बजकर 58 मिनट से शुरू होगा। इसका समापन देर रात 1 बजकर 26 मिनट पर है। यह ग्रहण पूर्ण चंद्र ग्रहण होगा। इसके अलावा इस चंद्र ग्रहण को भारत में देखा जाएगा, इसलिए इसका सूतक काल भी मान्य होगा। वहीं चंद्र ग्रहण का प्रभाव पूजा-पाठ से लेकर अन्य शुभ कार्यों पर भी पड़ेगा। इसलिए इस अवधि में भूलकर भी धार्मिक यात्रा और खरीदारी न करें।



# अली फजल की नई वेब सीरीज राख का ऐलान

**नई दिल्ली।** अली फजल न केवल फिल्मी दुनिया, बल्कि ओटीटी पर भी कब्जा कर रहे हैं। उन्होंने कई वेब सीरीज में अपनी बेहतरीन अदाकारी से दर्शकों का दिल जीता है। अब वह फिर से नई वेब सीरीज लेकर आ रहे हैं जिसकी अनाउंसमेंट भी हो गई है। ओटीटी की नई वेब सीरीज में अली फजल पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभाने वाले हैं। सीरीज की कहानी थ्रिल और सस्पेंस से भरी होने वाली है जो अपराध और न्याय के इर्द-गिर्द घूमेगी। एंडेमोलशाइन इंडिया और गुलबदन टॉकीज के बैनर तले बनी सीरीज एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर होगी। इस वेब सीरीज का नाम राख है। इस सीरीज का निर्देशन प्रोसित रॉय कर रहे हैं।

लाइफ Style

# हुमा

## खुद कहानियां बनाने का किया फैसला

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने हाल ही में निर्माता बनने के फैसले को लेकर कई खुलासे किए। साथ ही उन्होंने बताया कि आखिर वह निर्माता क्यों बनना चाहती हैं। हुमा कुरैशी और उनके भाई साकिब सलीम जल्द ही अपनी पहली प्रोडक्शन फिल्म 'बेबी डू डाई डू' रिलीज करने वाली हैं।

अभिनय के अलावा, दोनों ने अब निर्माता बनने का फैसला किया है, ताकि वे अच्छी कहानियों को खुद चुन सकें और उन्हें दर्शकों तक पहुंचा सकें। हुमा का कहना है कि अभिनेत्री के तौर पर उन्हें हमेशा दूसरों के चुने हुए रोल पर निर्भर रहना पड़ता था। इससे उनमें निराशा थी, क्योंकि वे और भी बहुत कुछ कर सकती थीं। इसीलिए, उन्होंने और साकिब ने खुद कहानियां बनाने का फैसला किया। उनकी पहली प्रोडक्शन फिल्म जल्द रिलीज होगी और इसके बाद हुमा एक इन्वेस्टिगेटिव फिल्म 'बयान' में नजर आएंगी। 39 साल की हुमा ने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है। इस लिस्ट में गैंग्स ऑफ वासेपुर, डेढ़ इश्किया और जॉली एलएलबी 2 जैसी फिल्में शामिल हैं। अब वह नई और अच्छी कहानियां लाना चाहती हैं। वे कहती हैं कि उन्होंने और साकिब ने दूसरों के मौके का इंतजार करने के बजाय खुद मौके बनाने का फैसला किया। वे अपने प्रोडक्शन हाउस को ऐसा बनाना चाहती हैं, जहां नए चेहरों को मौका मिले और काम का माहौल बेहतर हो। हुमा का कहना है कि वे दूसरों की गलतियों को नहीं दोहराएंगी। भविष्य में वे बड़ी फिल्में बनाना चाहेंगी, लेकिन नए टैलेंट को मौका देने की कीमत पर नहीं।



हॉलीवुड मसाला



## 25 फिल्मों के बाद भी कम नहीं हुआ क्रेज

**नई दिल्ली।** जेम्स बॉन्ड एक फिक्शनल जासूस कैरेक्टर है, जिसे ब्रिटिश राइटर इयान फ्लेमिंग ने 1953 में बनाया था। पहली फिल्म से मशहूर होने के बाद जेम्स बॉन्ड पर 25 फिल्में बन चुकी हैं। लेकिन, अभी भी दर्शकों के साथ-साथ फिल्म मेकर्स का इस कैरेक्टर को लेकर क्रेज खत्म नहीं हो रहा है। बॉन्ड फिल्में अपने साउंडट्रैक समेत कई बेहतरीन चीजों के लिए जाना जाता है। इसके थीम सॉन्ग्स को कई बार ऑस्कर में नॉमिनेश और तीन बार अवॉर्ड भी मिले। ज्यादातर फिल्मों में बॉन्ड की कारें, उनकी बंदूकें और बॉन्ड गर्ल्स को काफी पसंद किया गया है।



## बैटमैन की आ चुकी हैं 18 मूवीज 10 एक्टर्स बने सुपरहीरो

**नई दिल्ली।** डीसी फिल्म्स ने सुपरहीरो मूवीज की शुरुआत की और सुपरमैन के बाद सबसे हिट फ्रेंचाइजी बैटमैन थी। बैटमैन की 18 मूवीज आ चुकी हैं। 10 एक्टर्स सुपरहीरो बने। बैटमैन पहली बार बड़े पर्दे पर 1943 में पहुंचा था। इसका निर्माण कोलंबिया पिक्चर्स ने किया था। यूं तो यह सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, लेकिन यह एपिसोडिक थी। इसके कुल 15 चैप्टर सिनेमाघरों में रिलीज हुए थो जो हफ्ते में एक बार आते थे। उस वक्त बैटमैन का किरदार लैम्बर्ट हिलियर ने निभाया था और उन्होंने अपने किरदार में जान फूंक दी थी। यह सीरीज इतनी हिट हुई थी कि इसे कोलंबिया पिक्चर्स ने 1954 और 1962 में री-रिलीज किया था। बैटमैन डीसी कॉमिक्स का एक फिक्शनल कैरेक्टर है। इसका असली नाम ब्रूस वेन है जो बहुत अमीर है और गौथम शहर में रहता है।



## डर के बाद पहली बार पहुंचे यशराज स्टूडियो

**मुंबई।** सनी देओल और यशराज फिल्म्स ने साल 1993 में बॉलीवुड को ब्लॉकस्टर फिल्म 'डर' दी थी। लेकिन, इसके बाद उसने फिर दोबारो कभी यश चोपड़ा और आदित्य चोपड़ा के साथ काम नहीं किया। कथित तौर पर सनी देओल का सेट पर वाईआरएफ से झगड़ा हुआ था। लेकिन, अब 30 साल बाद अचानक सनी को आदित्य चोपड़ा के स्टूडियो के बाहर देखा गया। कयास लगने शुरू हो गए कि शायद तीन दशक पुरानी रार अब खत्म हो गई है। चर्चा यह भी शुरू हुई कि क्या 30 साल बाद यह जोड़ी फिर से किसी नई फिल्म की तैयारी में है! सनी देओल यकीनन वाईआरएफ के स्टूडियो पहुंचे थे। लेकिन, यह किसी फिल्म के लिए मुलाकात नहीं थी। असल में एक्टर वहां संगीतकार मिथुन से मिलने गए थे, जिन्हें उन्होंने अपनी अगली फिल्म के लिए साइन किया है।



## कांतारा चैप्टर-1 में गुलशन बनेंगे कुलशेखर

**मुंबई।** कांतारा चैप्टर 1 की रिलीज में जहां अब डेढ़ महीने का वक्त बचा है, वहीं मेकर्स ने मंगलवार को फिल्म की कास्ट से गुलशन देवैया का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज किया है। वह फिल्म में कुलशेखर के किरदार में नजर आएंगे। कांतारा चैप्टर 1 ऋषभ शेट्टी की साल 2022 में रिलीज ब्लॉकबस्टर फिल्म 'कांतारा' का प्रीक्वल है। यह वह फिल्म है, जिसने कन्नड़ सिनेमा को नई ऊंचाइयां दीं। महज 16 करोड़ के बजट में बनी और देश में 309.64 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया है। यही नहीं, ऋषभ शेट्टी को इसके लिए नेशनल अवॉर्ड भी मिला। 'कांतारा' की रहस्यमयी दुनिया में गुलशन देवैया के किरदार की पहली झलक अपने आप में उत्सुकता को बढ़ाने वाली है। पोस्टर में गुलशन का किरदार शाही अंदाज में सिंहासन पर विराजमान है।

टीवी मसाला



## बिंजोला परिवार के आने से गोकुलधाम में बढ़ेगी रौनक

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में जब भूतनी वाला ट्रैक जोड़ा गया तो यह तीन हफ्ते लगातार टीआरपी में नंबर वन रहा, पर इसके बाद इसकी टीआरपी गिर गई। अब मेकर्स एक और ट्विस्ट लेकर आए हैं। 'तारक मेहता' की गोकुलधाम सोसाइटी में अब एक नए परिवार की एंट्री हो गई है, जो ट्विस्ट के साथ कॉमेडी का जायका और बढ़ाएगी। इस परिवार के आने से अब शो में न सिर्फ नए किरदारों की एंट्री हुई है, बल्कि दर्शकों को नई कहानी और नया फ्लेवर देखने को मिलेगा। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में धरती भट्ट, कुलदीप गौर, अक्षान सहरावत और माही भद्रा की नई एंट्री हुई है। कुलदीप गौर शो में रतन बिंजोला नाम के साड़ी बेचने वाले दुकानदार का रोल निभाएंगे, जो जयपुर का रहने वाला है। धरती भट्ट, रतन बिंजोला की पत्नी रूपा के रोल में नजर आएंगी। रूपा एक हाउसवाइफ ही नहीं, बल्कि कंटेंट क्रिएटर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर भी है। वहीं, अक्षान सहरावत और माही दोनों रतन और रूपा के बच्चों का किरदार निभाएंगे। 'तारक मेहता' में अभी तक टप्पू सेना की थी, जिसने अपनी मासूमियत और शरारतों से गोकुलधाम के निवासियों का ही नहीं, बल्कि दर्शकों भी दिल जीत लिया था। अब टप्पू सेना के अलावा सोसाइटी में दो नए बच्चे आए हैं, जो दर्शकों का दिल जीतने के लिए कमर कस चुके हैं।

### केबीसी में दिहाड़ी मजदूर के बेटे ने जीते 25 लाख

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के लेटेस्ट एपिसोड में हॉट सीट पर गुजरात के दिहाड़ी मजदूर के बेटे संजय देगामा बैठे। अमिताभ बच्चन ने 'फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट' राउंड करवाया, जिसमें संजय देगामा के अलावा



स्नेहा ज्वारे को 'जल्दी 5' राउंड खेलने के लिए चुना गया। इसमें संजय देगामा जीते और उन्होंने हॉट सीट पर बैठने का मौका मिला। संजय देगामा ने 25 लाख रुपए जीते, पर 50 लाख रुपए के लिए पूछे गए सवाल का जवाब नहीं दे सके। अमिताभ बच्चन ने संजय से जो सवाल पूछा था, वह था: साल 1973 में हैंस एन्गर्ट को हराकर कौन से भारतीय विंबलडन के दूसरे दौर में पहुंचे थे? इसके चार विकल्प दिए गए थे- ए) चिरादीप मुखर्जी, बी) गौरव मिश्रा, सी) जयदीप मुखर्जी और डी) नंदन बाल। संजय देगामा को इसका जवाब मालूम नहीं था, इसलिए उन्होंने गेम छोड़ने का फैसला किया। हालांकि, क्विट करने के बाद उन्होंने 50 लाख के सवाल का जवाब दिया। उन्होंने ऑप्शन बी) गौरव मिश्रा चुना, जो गलत जवाब था। सही जवाब ऑप्शन ए) चिरादीप मुखर्जी था।

## सेना छोड़कर 44 की उम्र में किया बॉलीवुड डेब्यू

**मुंबई।** 44 साल की उम्र में अच्युत पोतदार ने अभिनय की दुनिया में कदम रखा। अभिनय की दुनिया में आने से पहले वह सेना में रहे, कैप्टन के पद से रिटायर हुए, प्रोफेसर के तौर पर भी शिक्षा के क्षेत्र में काम किया। इसके बाद ही अभिनय की दुनिया में दस्तक दी, उन्होंने लगभग 125 बॉलीवुड फिल्मों में एक्टिंग की। वह अधिकतर सहायक भूमिकाओं में नजर आए। फिल्मों के अलावा टीवी सीरियल में भी अच्युत पोतदार ने अपने अभिनय के रंग बिखेरे।

***3 इडियट्स में प्रोफेसर का रोल करके हुए मशहूर*** : आमिर खान की 3 इडियट्स में अच्युत पोतदार ने अभिनय किया था। वह इसमें एक प्रोफेसर के रोल में नजर आए। रोल छोटा था, लेकिन दर्शकों को याद रह गया। इस फिल्म में उनका कहा गया डायलॉग 'अरे, कहना क्या चाहते हो?' खूब मशहूर हुआ। यह डायलॉग आगे चलकर मीम मटीरियल बन गया। सिर्फ इसी फिल्म में वह नजर नहीं आए। कई और फिल्में भी की थीं।



***इन फिल्मों में किया अभिनय*** : अच्युत पोतदार ने कई बड़ी फिल्मों में अभिनय किया। जैसे अमिताभ बच्चन की फिल्म भूतनाथ में वह एक मंदिर के पुजारी बने थे,। आर. राजकुमार में भी पंडित का रोल किया था। फिल्म दबंग में उन्होंने देबी सिंह का रोल किया। फिल्म फेरारी की सवारी में एक बैट शॉप की मालिक का रोल किया। विद्या बालन के साथ परिणीता और रंगीला में उर्मिला के साथ अभिनय किया, दोनों फिल्मों में इन हीरोइनों के पिता का रोल किया था। फिल्म ये दिल्लगी में भी काजोल के पिता के रोल में वह नजर आए।

### चर्चित टीवी सीरियल में भी नजर आए

फिल्मों के अलावा अच्युत पोतदार ने कई टीवी सीरियल, सीरीज भी कीं। इसमें भारत एक खोज, प्राइम मिनिस्टर, वाग्ले की दुनिया और माझा होशिल ना जैसे सीरियल शामिल रहे। मराठी सीरियल माझा होशिल ना के लिए उन्हें 2021 में जीवन गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## फ्लॉप रही थीं ये कल्ट क्लासिक फिल्में आज तारीफें करते नहीं थकते लोग

**मुंबई।** बॉलीवुड की कई ऐसी फिल्में हैं जो जब रिलीज हुई थीं तो इन्हें जनता ने खास इम्पॉर्टेंस नहीं दिया। ये फिल्में अपनी रिलीज के वक्त फ्लॉप हो गई थीं, लेकिन वक्त के साथ लोगों ने इन फिल्मों का महत्व समझा और ये मूवीज कल्ट क्लासिक बन गईं।

**अंदाज अपना अपना** : लिस्ट में पहले नंबर पर है साल 1994 में आई फिल्म 'अंदाज अपना अपना'। महज 2.9 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म में बड़े स्टार्स से लेकर आइकॉनिक विलेन्स तक सब कुछ था, लेकिन फिर भी यह फिल्म फ्लॉप हो गई थी। वक्त के साथ जब लोगों ने इस फिल्म के सिनेमैटिक महत्व को समझा तो यह सुपरहिट हो गई। इस मूवी की आईएमडीबी रेटिंग 8 है और आप इसे आज ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

**तुम्बाड** : साल 2018 में आई फिल्म 'तुम्बाड' उन दिनों पब्लिक के खराब टेस्ट की भेंट चढ़ गई थी। लेकिन आईएमडीबी पर 8.2 रेटिंग वाली इस फिल्म का महत्व लोग वक्त के साथ समझे। कमाल की कहानी और दमदार सस्पेंस थ्रिलर वाली इस फिल्म को आज की तारीख में आप ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।



**तमाशा** : रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण की फिल्म 'तमाशा' की कहानी काफी डीप थी और इस फिल्म में एक काफी अहम मैसेज भी था, लेकिन जब यह फिल्म रिलीज हुई तो कुछ खास नहीं चली। लेकिन, साल 2015 में रिलीज हुई इस फिल्म को गुजरते वक्त के साथ महत्व मिला और आईएमडीबी पर 7.4 रेटिंग वाली इस फिल्म को आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

**देल्ही बेली** : आमिर खान बिना बजट की परवाह किए एक बोल्ड कॉमेडी फिल्म बनाना चाहते थे। लेकिन, जब उन्होंने 'देल्ही बेली' बनाकर रिलीज की, तो यह बुरी तरह पिट गई। बाद में फिल्म को धीरे-धीरे तवज्जो मिला और इसे आईएमडीबी पर 7.6 रेटिंग मिली थी।

### 108 साल पहले आया डबल रोल का कॉन्सेप्ट, कई सितारे निभा चुके हैं दोहरी भूमिका

# एक ही अभिनेता ने निभाया था फिल्म में राम और सीता का किरदार

***नई दिल्ली।*** *एक टिकट खरीदकर पूरे ढाई से तीन घंटे सिर्फ अपने ही पसंदीदा सितारे को डबल रोल में देखना किस फैन की ख्वाहिश नहीं होगी। दिलीप कुमार से लेकर नरगिस दत्त देवानंद और श्रीदेवी जैसे कई सितारे फिल्मों में दोहरी भूमिका निभा चुके हैं। हालांकि, डबल रोल निभाने वाले अभिनेता का जन्म 108 साल पहले ही इंडस्ट्री में हो गया था जो पर्दे पर राम और सीता दोनों बने थे। फिल्मों में डबल रोल का कंसेप्ट काफी समय से चला आ रहा है। हेमा मालिनी की 'सीता और गीता' से लेकर, शाह रुख खान की 'डुप्लीकेट', दिलीप कुमार की 'राम और श्याम और सलमान खान की जुड़वा दर्शकों ने थिएटर में बैठकर एक टिकट पर डबल मजे लिए। उन्हें अपने पसंदीदा सितारे को एक ही स्क्रीन पर अलग-अलग रोल में देखने का मौका हमेशा से मिलता रहा है। बीते साल जहां शाह रुख खान ने फिल्म 'जवान' में बाप और बेटे का रोल अदा किया था, तो वहीं डबल रोल निभाने की लीग में अब कृति सेनन का नाम भी शामिल हो चुका है। वह अपनी आगामी फिल्म 'दो पत्ती' में डबल रोल अदा करती हुई दिखाई देंगी।*

### इस अभिनेता ने 1917 में बनी फिल्म में निभाया था डबल रोल

पहली फिल्म में डबल रोल की भूमिका अदा करने वाले अभिनेता कोई और नहीं, बल्कि अन्ना सालुंके थे, जिन्होंने भारत की पहली फिल्म 'राजा हरिश्चंद्र' में भी काम किया था। अपने कॅरियर के शुरुआती दौर में उन्होंने हीरो के साथ-साथ नायिका की भूमिका भी अदा की। दादा साहब फाल्के की फिल्म राजा हरिश्चंद्र में रानी तारामती बनने के बाद, वह पर्दे पर माता सीता और भगवान श्रीराम भी बने।



### क्यों अन्ना सालुंके को निभानी पड़ी थी सीता की भूमिका?

भारत को आजादी मिलने से पहले महिलाओं का कमर्शियल फिल्मों में काम करना, या इस तरह से अपनी कला का प्रदर्शन पर्दे पर करना गलत माना जाता था। यही वजह थी कि उस वक्त जो भी फीमेल किरदार आते थे, उसे फिल्म के अभिनेता ही निभाते थे। उन्होंने 'लंका दहन' में श्रीराम का किरदार निभाने के बाद उनकी पत्नी माता सीता का किरदार भी अदा किया था। वह भारतीय सिनेमा के पहले अभिनेता थे, जिन्होंने अधिकतर फिल्मों में अभिनेता और अभिनेत्री दोनों का किरदार निभाया।

**लंका दहन** : साल 1917 में एक फिल्म रिलीज हुई, जिसका टाइटल था 'लंका-दहन'। ये फिल्म हिंदू महाकाव्य 'रामायण' पर आधारित थी, जिसे महर्षि वाल्मीकि ने लिखा था। फिल्म का निर्देशन दादा साहब फाल्के ने ही किया था। राजा हरिश्चंद्र के बाद ये निर्देशक की दूसरी फीचर फिल्म थी। राजा हरिश्चंद्र की तरह ही 'लंका-दहन' भी एक म्यूट फिल्म थी।

### क्यों अभिनेता को ही दादा साहब फाल्के ने बनाया हीरोइन?

अन्ना सालुंके को फिल्मों में हीरोइन का रोल करवाना दादा साहब फाल्के की च्वाइस नहीं, बल्कि मजबूरी थी। दरअसल, दादा साहब फाल्के और अन्ना सालुंके की पहली मुलाकात एक रेस्टोरेंट में हुई थी, जहां अभिनेता कथित तौर पर एक वेटर के रूप में काम करते थे। दादा साहेब फाल्के उस दौरान एक लड़की की तलाश में थे, जिसे वह अपनी फिल्म में कास्ट कर सके। लेकिन, फिल्मों से जुड़ना उस समय पर किसी भी महिला को मंजूर नहीं था। ऐसे में दादा साहब फाल्के की नजर अन्ना सालुंके पर पड़ी, जिनका कद-काठी और फीचर ऐसे थे, जिसकी वजह से नायिका की भूमिका के लिए वह निर्देशक को एकदम परफेक्ट लगे। जैसे-तैसे दादा साहब फाल्के 10 रुपए में काम करने वाले सालुंके को 15 रुपए की फीस देकर फिल्मों में आने के लिए मना लिया और बतौर अभिनेता उनकी जर्नी की शुरुआत हो गई।

# 40 करोड़ रुपये होंगे खर्च, कच्ची गलियां भी होंगी पक्की

# फतेहाबाद में नई कालोनियों में डलेगी सीवरेज लाइन, जल्द होगा काम शुरू

■ विभाग ने रिपोर्ट मुख्यालय को भेजी, अप्रूवल मिलते ही वर्क आर्डर जारी किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पिछले तीन सालों से पानी निकासी की समस्या से जूझ रही शहर में शामिल बाहरी कालोनियों के लोगों को जल्द ही राहत मिलने जा रही है। जनस्वास्थ्य विभाग ने इन सभी कालोनियों में सीवरेज लाइन बिछाने का निर्णय लिया है। इसको लेकर विभाग द्वारा 40 करोड़ रुपये का बजट भी मंजूर किया है। विभाग ने रिपोर्ट मुख्यालय को भेजी है।

वहां से अप्रूवल मिलते ही वर्क आर्डर जारी कर काम शुरू करवा दिया जाएगा। सीवरेज लाइन डालने के बाद इन कालोनियों में गलियों का निर्माण और स्ट्रीट लाइटें लगाने का रास्ता साफ हो गया है। बता दें कि करीब साढ़े तीन साल पहले नगर परिषद सीमा बढ़ने के बाद उसमें हंस कॉलोनी, स्वामी नगर, हरनाम सिंह कॉलोनी, आजाद नगर व कालीदास कॉलोनी को शामिल किया गया था। पहले ये कॉलोनियां ग्राम पंचायत थी।

उसी समय से यहां सीवर लाइन डाले जाने की मांग हो रही है। दरअसल, इन कॉलोनियों में सीवर लाइन नहीं होने की वजह से गंदे पानी की निकासी नहीं हो पाती है। खास कर बारिश के बाद तो और बुरी स्थिति हो जाती है। शौचालय के लिए भी लोगों ने कुई खुदवाई हुई हैं। घरों से निकलने वाला बाकी गंदा पानी खाली प्लॉटों या खुले में ही गड्ढा खोदकर डाल दिया जाता है। मगर बारिश होने के बाद खाली प्लॉटों में पानी भर जाता है, जिसकी कई-कई दिनों तक निकासी नहीं हो पाती है।

इन कालोनियों में रहने वाले लोगों का कहना है कि इन कॉलोनियों में 15 हजार से अधिक आबादी रहती है। सीवर लाइन डाले जाने के बाद इतनी आबादी को सीधे तौर पर फायदा होगा। लंबे समय से क्षेत्रवासी सीवर लाइन डालने के लिए अधिकारियों से लेकर नेताओं तक गुहार लगा रहे थे।



फतेहाबाद। स्वामी नगर में पानी निकासी को लेकर रोष जताते कालोनीवासी। (फाइल फोटो)

### सड़कों के निर्माण का काम भी सिरे चढ़ेगा

सीवर लाइन डालने के बाद यहां सड़कों के निर्माण का काम भी सिरे चढ़ेगा। अब तक काफी गलियां कच्ची पड़ी हैं। नगर परिषद ने सडक निर्माण के लिए 8 करोड़ रुपए का बजट भी मंजूर भी किया हुआ है। पहले सीवर लाइन डालने की बात हो रही थी ताकि उसके बाद सड़क बनाने पर तोडनी न पड़े। इन कॉलोनियों के लोगों से नगर परिषद प्रशासन डेवलपमेंट चार्ज भी वसूल रहा है। सड़कों का निर्माण होने के बाद यहां नगर परिषद प्रशासन बेहतर तरीके से स्ट्रीट लाइटें लगवा सकेगा। अभी तो काफी गलियों में रात होते ही अंधेरा छा जाता है। कुछ जगहों पर स्ट्रीट लाइटें लगी है। मगर सडकें बनने के बाद सभी गलियां रोशन हो सकेंगी। फिलहाल इन कॉलोनियों में पूरी रिहायश नहीं हो पा रही है क्योंकि यहां सुविधाओं का टोटा है। बिजली, पानी, सीवर, सडक, स्ट्रीट लाइटें जैसी मूलभूत सुविधाएं होने के बाद यहां रिहायश में भी विस्तार होगा। इस बारे जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ सतपाल रोज का कहना है कि शहर में शामिल नई कालोनियों में सीवरेज लाइन डालने के लिए 40 करोड़ रुपये मंजूर हो चुके हैं। टेंडर खोलकर रिपोर्ट हैडक्वार्टर भेजी हुई है। वहां से मंजूरी मिलते ही वर्क अलॉट करके काम शुरू करवा दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### सीआईए ने अवैध पिस्तौल सहित आरोपी को दबोचा

**फतेहाबाद।** सीआईए रतिया पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ करते हुए एक युवक को अवैध हथियार सहित काबू किया है। सीआईए रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल ने बताया कि पुलिस टीम, मुख्य सिपाही मनदीप कुमार की अगुवाई में गश्त पर थी। जब टीम भूना पुल हिसार-सिरसा बाईपास फतेहाबाद के पास पहुंची तो एक युवक पुलिस वाहन को देखकर अचानक सर्विस रोड की ओर मुड़ गया और तेजी से चलने लगा। शक के आधार पर पुलिस ने उसे काबू किया, जिसकी पहचान मुकेश उर्फ धन्नू पुत्र सुरेश कुमार निवासी वार्ड नंबर 4, अशोक नगर फतेहाबाद के रूप में हुई।

### पुलिस पर फायरिंग मामले में एक और काबू

**फतेहाबाद।** कैदी को छुड़वाने व पुलिस टीम पर फायरिंग करने के मामले में थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने बकाया आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गौतम पुत्र मोहनलाल निवासी अग्रोहा, जिला हिसार के रूप में हुई है। सीआईए फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक कुलबीर ने बताया कि पुलिस टीम सरकारी गाड़ी में आरोपी रवि को कोर्ट में पेश करके वारंट प्राप्त कर बंद जेल नीमका में दाखिल करने जा रही थी। इस दौरान रास्ते में एक गाड़ी में सवार 6-7 नौजवानों ने आरोपी रवि को छुड़ाने के लिए पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी थी। इस घटना में आरोपी रवि की मृत्यु हो गई थी और सिपाही संजीत गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस अब तक 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

### ऋण योजनाओं के लिए 21 तक करें आवेदन

**सिरसा।** हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा अनुसूचित जाति से संबंधित व्यक्तियों को स्वरोजगार के लिए सावधि ऋण योजना एवं सूक्ष्म वित्त योजना शुरू की गई है। योजना का लाभ उठाने के इच्छुक पात्र व्यक्ति 21 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के जिला प्रबंधक कुलदीप सैनी ने बताया कि योजनाओं के लाभ के लिए आवेदक हरियाणा का स्थायी निवासी हो और आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इसके अलावा वार्षिक पारिवारिक आय अधिकतम तीन लाख रुपये (परिवार पहचान पत्र के अनुसार) हो। आवेदक ने पूर्व में निगम से लिए ऋण का दुरुपयोग न किया हो।

### बाइक चोरी के मामले में दो युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** अपराध पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हर्ष उर्फ तन्नु पुत्र जगदीश निवासी भीमा बस्ती, वार्ड नं. 17 फतेहाबाद तथा प्रिन्स उर्फ बच्ची पुत्र काला सिंह निवासी वार्ड नं. 1, शक्ति नगर फतेहाबाद के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान आरोपियों के कब्जे से चोरीशुदा बाइक बरामद कर ली गई है।

# मनरेगा के तहत बंद पड़े कार्यों को जल्द शुरू करवाने की मांग

■ मनरेगा मेट मजदूरों ने विधायक जरनैल सिंह को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

मनरेगा मेट मजदूरों ने मंगलवार को एकजुट होकर प्रदेश सरकार द्वारा मनरेगा मजदूरों के माध्यम से होने वाले सफाई व अन्य कच्चे कम प्रदेश सरकार द्वारा बंद किए जाने पर रोष जताया गया। मजदूरों ने रतिया के विधायक जरनैल सिंह को उनकी मांगों को विधानसभा में उठाने के लिए ज्ञापन भी सौंपा गया। इस अवसर पर दीपक नारंग, जंटा सिंह, वीना रानी, सोनी रानी सहित अन्यो मजदूरों ने कहा कि मनरेगा के तहत काम न मिलने के कारण उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने मांग की कि सरकार मनरेगा के तहत बंद पड़े कार्यों को जल्द शुरू करवाए। मनरेगा मजदूरों ने निर्णय लिया कि 26 अगस्त मंगलवार को जिलेभर से हजारों मजदूर फतेहाबाद में रोष प्रदर्शन करेंगे। जिले के सात ब्लाकों के गांवों स मजदूर पपीहा पार्क में इकट्ठा होंगे और वहां से पैदल रोष मार्च निकालते हुए डीसी कार्यालय पहुंचेंगे। वहां उपायुक्त को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा



रतिया। विधायक जरनैल सिंह को ज्ञापन देते हुए मनरेगा मजदूर। फोटो : हरिभूमि

# मोबाइल मार्किट से बाइक चोरी की वारदात सुलझी, तीन युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मोबाइल मार्किट से मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले का खुलासा करते हुए थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से चोरीशुदा मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान स्वामी नगर, फतेहाबाद निवासी सुनील उर्फ गोचा पुत्र रमेश कुमार, राहुल उर्फ निलेश कुमार पुत्र राजेन्द्र कुमार तथा विशाल उर्फ शालू पुत्र ओमप्रकाश के रूप में हुई है।

थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि शिकायतकर्ता उमेश कुमार पुत्र गुलशन कुमार निवासी जगजीवनपुरा मोहल्ला फतेहाबाद ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 15 अगस्त की शाम को उसने अपनी मोटरसाइकिल मोबाइल मार्केट फतेहाबाद में खड़ी की थी।

जब वह रात को वापस लौटा तो मोटरसाइकिल मौके से किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर ली। शिकायत पर थाना शहर फतेहाबाद में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस टीम ने कड़ी मेहनत कर तीन आरोपियों को काबू किया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद कर ली है।




### नशे के मामले में एक और आरोपी को दबोचा

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस नशे के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज एक मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गुरविन्द्र सिंह उर्फ गौरव उर्फ समीर पुत्र सुरजीत सिंह निवासी कमला नगर, बख्तल की चौकी, अलवर, राजस्थान के रूप में हुई है। आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच से ज्ञात हुआ है कि वह आदतन अपराधी है और उस पर एनडीपीएस, चोरी तथा अन्य गंभीर धाराओं के तहत पहले से ही 3 मुकदमे दर्ज हैं। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि 13 अप्रैल को थाना शहर फतेहाबाद क्षेत्र में नशीले पदार्थों से संबंधित मुकदमा एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत दर्ज किया गया था। इस मामले में मुख्य आरोपी संजय कुमार पुत्र बलदेव राज निवासी ललावड़ी, तहसील रामगढ़, जिला अलवर, राजस्थान को पुलिस पहले ही 5 किलो 34 ग्राम डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार कर चुकी थी। अब इस प्रकरण में सह-आरोपी गुरविन्द्र सिंह को भी काबू कर लिया गया है। आरोपी गुरविन्द्र सिंह उर्फ गौरव उर्फ समीर पर अलवर में तीन मामले दर्ज है।

### तीसरी बेटी के जन्म पर किया कुआं पूजन

**चोपटा।** खंड के गांव रुपावास में एक दंपति ने सरकार के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ बेटी अपनाओ अभियान को सही मायने में साकार किया है। दंपति प्रहलाद कड़वासरा और पिंकी ने तीसरी बेटी दित्या के पैदा होने पर घर में खुशी मनाई। इस दौरान कुआं पूजन कार्यक्रम का आयोजन कर मंगलगीत गाए और मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। गांव रूपावास के दंपति प्रहलाद सिंह और पिंकी ने बताया कि उनकी शादी साल 2012 में हुई थी। उनके साल 2013 में पहली बेटी प्रसन्ना हुई, फिर साल 2019 में दूसरी बेटी रूही कड़वासरा और अब साल 2025 में तीसरी बेटी दित्या ने जन्म लिया है। इन्होंने बताया कि अब तीसरी बेटी के जन्म पर कुआं पूजन का कार्यक्रम किया गया और मिठाई बताकर खुशी मनाई। इनका कहना है कि अब इन बेटियों की पढ़ाई लिखाई में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे बेटों के समान ही इनकी पढ़ाई लिखाई करवाई जाएगी। इनकी माता पिंकी का कहना है कि बेटियां अभी छोटी है पढ़ाई लिखाई में जिस भी फील्ड में जाना चाहेगी बेटियों की हर जरूरत को पूरा किया जाएगा। प्रहलाद सिंह मैट्रिक पास है और पिंकी ने बीए तक पढ़ाई कर रखी है।



# गुरदेव इंडोर स्टेडियम के होनहारों ने हासिल किया तीसरा स्थान

■ रोहतक में आयोजित हरियाणा स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप में किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

रोहतक में बीती 14 से 17 अगस्त तक आयोजित हरियाणा स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप-2025 में गुरदेव इंडोर स्टेडियम संतनगर के खिलाड़ियों ने अद्भुत प्रदर्शन करते हुए डबल्स के अंडर-17 आयु वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त कर गांव व जिले का नाम रोशन किया है। दविंद्र सिंह काहलों ने दोनों खिलाड़ियों, कोच हरप्रीत सिंह व गुरबचन सिंह को बधाई देते हुए बताया कि रोहतक में आयोजित इस प्रतियोगिता में गुरदेव इंडोर स्टेडियम की ओर से अंडर-17 डबल्स में गुरमन राय व गुरशब्द सिंह ने प्रतिभागिता की और अपने शानदार खेल से तीसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि गुरदेव इंडोर स्टेडियम में प्रशिक्षण प्राप्त कर अनेक प्रतिभागी जिला स्तर, स्टेट से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभागिता का प्रदर्शन कर चुके हैं। ट्रस्ट के प्रधान हरपिंद्र सिंह कूका ने बताया कि गुरदेव इंडोर स्टेडियम में श्री गुरदेव चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 6 कोर्ट बनाए गए हैं, जहां लडक़े-लड़कियों को अलग-अलग शिफ्ट में बैडमिंटन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रतिभागियों ने अपनी सफलता का श्रेय कोच हरप्रीत सिंह, गुरबचन सिंह व श्री गुरदेव चैरिटेबल ट्रस्ट, संतनगर के पदाधिकारियों को दिया, जिनकी बदौलत उन्हें गांव में ही प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया जा रहा है।




सिरसा। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## जागरुकता — साइबर अपराधों को लेकर फतेहाबाद पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

# अपराधों से बचने का सबसे बड़ा हथियार जनता की जागरुकता और सतर्कता

साइबर अपराधी फोन कॉल, सोशल मीडिया के माध्यम से करते हैं संपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हाल के दिनों में जिले सहित पूरे प्रदेश में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें साइबर अपराधी फास्टैग रिचार्ज, एक्टिवेशन या अपडेट के नाम पर भोले-भाले लोगों को निशाना बना रहे हैं। ऐसे में फतेहाबाद पुलिस ने फास्टैग साइबर फ्रॉड से बचाव के लिए व्यापक एडवाइजरी जारी की है। पुलिस ने दोहराया है कि ऐसे अपराधों से बचने का सबसे बड़ा हथियार जनता की जागरूकता और सतर्कता ही है।

साइबर अपराधी अक्सर फोन कॉल, एसएमएस या व्हाट्सएप मैसेज के माध्यम से संपर्क करते हैं। वे खुद को बैंक अधिकारी, फास्टैग कंपनी प्रतिनिधि या एनएचएआई का कर्मचारी बताकर फर्जी लिंक भेजते हैं। जैसे ही कोई व्यक्ति उस लिंक पर क्लिक करता है या किसी संदिग्ध एप को डाउनलोड करता है, उसके मोबाइल में मैलवेयर इंस्टॉल हो जाता है। इसके बाद आरोपी पीड़ित का रिमोट एक्सेस हासिल कर लेते हैं और चंद मिनटों में बैंक खाते से रकम ट्रांसफर कर लेते हैं। कई बार अपराधी यह दबाव बनाते हैं कि फास्टैग बंद हो जाएगा या तुरंत अपडेट जरूरी है, जिससे लोग घबराकर जल्दबाजी में लिंक पर क्लिक कर बैठते हैं और ठगी का शिकार हो जाते हैं।

### एसपी सिद्धांत जैन का संदेश

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा कि साइबर अपराधी हर दिन नए-नए तरीके ईजाद करते हैं, लेकिन वे उन्हीं लोगों को शिकार बनाते हैं जो लापरवाह रहते हैं। यदि जनता थोड़ी सी सावधानी बरते तो इस प्रकार की ठगी से आसानी से बचा जा सकता है। फतेहाबाद पुलिस नागरिकों की सुरक्षा और विश्वास बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पुलिस की जनता से अपील है कि इस एडवाइजरी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाएँ, ताकि हर नागरिक जागरूक बने और साइबर अपराधियों की चालें नाकाम हों।



### फतेहाबाद पुलिस की अपील

- ❒ फास्टैग से जुड़ी किसी भी सेवा के लिए केवल एनएचएआई की आधिकारिक वेबसाइट या अधिकृत बैंक/पेट्रोल पंप से ही कार्य करें।
- ❒ किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें और न ही अज्ञात एप्स इंस्टॉल करें।
- ❒ बैंक डिटेल, ओटीपी, यूपीआई पिन, पासवर्ड जैसी जानकारी किसी भी व्यक्ति के साथ साझा न करें।
- ❒ संदिग्ध कॉल या मैसेज आने पर उसे नजरअंदाज करें और तुरंत पुलिस को सूचना दें।
- ❒ यदि साइबर ठगी हो जाए तो बिना देरी किए 1930 साइबर हेल्पलाइन पर कॉल करें या पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें। समय पर दी गई शिकायत से गुम हुई राशि वापस मिलने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।

### समस्याओं का समाधान त्वरित करें : शर्मा

**फतेहाबाद।** हिपा के डिवीजनल ट्रेनिंग सेंटर में ऑनलाइन सेवाओं को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में फतेहाबाद जिले से राजस्व विभाग के कानूनगो एवं पटवारियों ने भाग लिया और प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण देने पहुंचे सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी शिव प्रसाद शर्मा ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य अधिकारियों व कर्मचारियों के माध्यम से सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि कार्यशाला में उपस्थित कर्मचारियों से कहा कि जन समस्याओं का समाधान त्वरित करें। उन्होंने कर्मचारियों को विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं एवं संबंधित पोर्टलों के क्रियान्वयन की जानकारी दी। इस दौरान कर्मचारियों को सरल पोर्टल, सीएम विंडो, राइट टू सर्विस एक्ट, आदि अनेक पोर्टलों की विस्तार से जानकारी दी गई।

## न्यूज डायरी

### साइबर क्राइम व नशे से बचाव को लेकर किया जागरूक



**रतिया।** जिला पुलिस समय-समय पर समाज में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को विभिन्न अपराधों और बुराइयों से बचाव का संदेश दे रही है। इसी क्रम में मंगलवार को थाना शहर रतिया की उपनिरीक्षक शिक्षा के नेतृत्व में रतिया के विभिन्न स्कूलों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों को साइबर क्राइम के बढ़ते खतरे और नशे की सामाजिक बुराइयों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें समझाया गया कि इंटरनेट और सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सतर्क रहना कितना आवश्यक है। अज्ञात लिंक पर क्लिक करने, ओटीपी या बैंक संबंधी जानकारी साझा करने तथा फर्जी कॉल्स पर भरोसा करने से होने वाले धोखाधड़ी के मामलों के उदाहरण देकर बच्चों को सावधान किया गया।

### कुलदीप सोनी सर्वसम्मति से बने प्रधान

**सिरसा।** एचएसईबी वर्कर यूनियन के त्रिवार्षिक चुनाव 33केवी ओल्ड श्री हनुमान मंदिर में मंगलवार को हुए, जिसमें सर्वसम्मति से कुलदीप सोनी लाइनमैन को प्रधान व राय सिंह को सचिव बनाया गया। इसके साथ उमाशंकर लाइनमैन को सहसचिव व धीरज कुमार यूडीसी को कैशियर व राकेश कस्वां को उपप्रधान व कुलदीप नागल को संगठनकर्ता चुना गया। इस मौके पर रामपाल जेई, राजेश जेई, मदन कंबोज, सीताराम, देवेंद्र, विनोद कुमार, मुकेश फोरमैन, राजेश फोरमैन, सुभाष फौजी, राजेंद्र फौजी, सुनील, ताराचंद, मदन, अमन एलडीसी और सभी काठमंडी केंद्र के कर्मचारी, 33 केवी ओल्ड साइड के कर्मचारी, सभी सब स्टेशनों के कर्मचारी मौजूद थे।

### राजकीय महिला कॉलेज में अंग्रेजी विषय परिषद गठित

**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा में मंगलवार को अंगेजी विभाग द्वारा कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसका उद्देश्य अंग्रेजी विषय परिषद का गठन करना था। प्रतियोगिता में छात्राओं को महिला सशक्तिकरण, नैतिकता, देशभक्ति आदि विषय दिए गए थे जिन पर छात्राओं की प्रस्तुति प्रशंसनीय थी। कविता पाठ प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मोनिका गिल, प्रोफेसर किरणबाला शामिल थे। प्रतियोगिता में बी.ए तृतीय वर्ष की छात्रा रमनदीप कौर को प्रधान व रमनदीप को उपप्रधान चयनित किया गया। इसी प्रकार बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा पलक को सचिव व प्रिया को उपसचिव के पद पर चुना गया जबकि बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा कृतिका को वित्तसचिव पद की जिम्मेदारी दी गई। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मोनिका गिल ने इस अवसर पर छात्राओं को मंच का महत्व समझाते हुए मंच की कला को सीखने व अपनी प्रतिभागिता प्रत्येक कार्यक्रम में सुनिश्चित करवाने की प्रेरणा दी व परिणाम घोषित कर छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### वरिष्ठ नागरिकों को दी योजनाओं की जानकारी

**सिरसा।** जिला के गांव बप्पां में मंगलवार को वरिष्ठ नागरिकों को जागरूक करने के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पैरा लीगल वालंटियर नरेश कुमार ग्रोवर ने उपस्थित बुजुर्गों को भारत सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं सुविधाओं वरिष्ठ नागरिक बचत योजना, प्रधानमंत्री वयो वंदना योजना, अटल पेंशन योजना, आयकर में छूट, रेलवे व हवाई यात्रा में रियायत तथा आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना तथा प्रदेश सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को दी जाने वाली सुविधाओं वरिष्ठ नागरिक सम्मान भत्ता योजना के अंतर्गत मासिक पेंशन, राज्य सरकार के अस्पतालों में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व दवाइयां, हरियाणा रोडवेज बसों में रियायती यात्रा सुविधा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क कानूनी सहायता तथा पात्र बुजुर्गों को बिजली-पानी आदि में रियायतों की जानकारी दी।

### फसलों के नुकसान की 31 तक पोर्टल पर दें जानकारी

**सिरसा।** गत दिनों जिला में हुई भारी बारिश-जलभराव से फसलों को हुए नुकसान का दावा अपलोड करने के लिए तहसील नाथूसरी चौपटा के दो गांव शकरमंदोरी व शाहपुरिया के किसानों के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला गया है। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बताया कि बारिश के कारण खरीफ फसल को हुए नुकसान का संबंधित गांवों के प्रभावित किसान इस पोर्टल पर 31 अगस्त तक दावा अपलोड कर सकते हैं ताकि उनके खेतों में भारी वर्षा अथवा जलभराव से फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के संबंध में आगामी प्रक्रिया की जा सके।

### तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 सितंबर को

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिरसा के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीश जिंदिया के मार्गदर्शन में सिरसा व उपमंडल ऐलनाबाद एवं डबवाली में आगामी 13 सितंबर को तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव प्रवेश सिंगला ने आह्वान किया कि राष्ट्रीय लोक अदालत को एक उत्सव की तरह मनाना चाहिए और इसमें अधिक से अधिक मामलों का निपटारा करवाने के लिए सभी को बढ़ चढकर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए विभिन्न बैंकों, सरकारी विभागों आदि के उच्च अधिकारियों के साथ सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास किया गया जिसमें आम जनता को अधिकतम छूट एवं वाहन बिजली विभाग, सिंचाई विभाग व पंचायती राज, जिससे आम जनता को लोक रिकवरी केस में अधिकतम छूट वाहन दुर्घटना मुआवजा में अधिकतम मुआवजा आपसी सहमति के आधार पर दिया जा सके। छोटे अपराधों में ट्रैफिक चालान व फैक्ट्री इत्यादि मामलों के निपटारे में रियायत एवं नरमी बरती जाएगी।

### चोरीशुदा बाइक सहित व्यक्ति गिरफ्तार

**सिरसा।** शहर थाना सिरसा पुलिस ने आरोपी धर्मपाल सिंह पुत्र जगदीश राम निवासी ओढां को चोरीशुदा बाइक सहित गिरफ्तार किया है। शहर थाना सिरसा प्रभारी उप निरीक्षक चरणजीत सिंह ने बताया कि हरबंस लाल पुत्र शामलाल निवासी मोहल्ला इंद्रपुरी ने थाना में शिकायत दी थी कि उसकी बाइक शादी समारोह के दौरान अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई है। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी धर्मपाल सिंह को चोरीशुदा बाइक सहित गिरफ्तार किया। आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### एक शाम फनकारों के नाम महफिल बनी नजीर

**सिरसा।** न्यू 7 स्टार म्यूजिकल ग्रुप द्वारा मंगलवार को एक रेस्तरां में एक शाम फनकारों के नाम प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महोम्मद रफी, किशोर कुमार व लता मंगेशकर द्वारा गाए गए मधुर गीतों रिमझिम के गीत सावन गाए, एक अजनबी हसीना से, छूकर मेरे मन को हमें और जीने की चाहत ना होती, ऐसे खूबसूरत नगमें से इस संगीत की महफिल का सजाया गया। इस दौरान अवंशिका को मेडल देकर अच्छे गायन के लिए सम्मानित किया गया। मानक चंद जैन ने मंच का संचालन किया। इस मौके पर संरक्षक ललित जैन, रमेश साहुवाला, मनमोहन सिंह, सुखदेव बागड़ी, दीपक कौशिक, विक्रम चानना, विकाश आहूजा, कैलाश सुखानी, गजेंद्र शर्मा, राजकुमार खुराना, वीना चैहान, भावना वर्मा, पृथ्वीराज चैहान, जसविंद्र सिंह, गौरव चैधरी एडवोकेट, राजाराम कासनियां, चितरंजन पांडे एवं अनिल बेदी सहित गणमान्यजन मौजूद थे।

### बनभौरी धाम के लिए पैदल ध्वजा यात्रा 25 को होगी रवाना

**रतिया।** मां बनभौरी देवी शक्तिपीठ के लिए जय मां भ्रामरी देवी लंगर कमेटी रतिया द्वारा बनभौरी धाम के लिए तीसरी पैदल ध्वजा यात्रा का जत्था प्रधान गुलाब शर्मा की अगुवाई में 25 अगस्त सोमवार को शाम 7 बजे पुरानी गौशाला रतिया से रवाना होगी। जय माँ भ्रामरी देवी लंगर कमेटी ट्रस्ट के चेयरमैन राकेश गर्ग व प्रधान गुलाब शर्मा ने बताया कि जय मां भ्रामरी महादेवी लंगर कमेटी द्वारा बनभौरी धाम के लिए तीसरी पैदल ध्वजा यात्रा पुरानी गौशाला से 25 अगस्त दिन सोमवार को शाम 7 बजे माता रानी के जयकारों के साथ रवाना होगी जो कि 8 अगस्त मंगलवार को माता रानी के चरणों मे ध्वज अर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि साल में दो बार हर नवरात्रों पर उनकी कमेटी द्वारा मां बनभौरी शक्तिपीठ में लंगर लगाया जाता है जो दिन रात 24 घंटे चलता है। बरवाला से 7 किलोमीटर दूर बनभौरी धाम की सडक पर पेट्रोल पंप के पास यह लंगर पिछले लगभग 8 वर्षों से साल में दो वार नवरात्रो में लगाया जा रहा हैं, जिसमें खाने पीने रहने सोने आदि का सभी प्रबंध ट्रस्ट द्वारा किया जाता है। इस बार कमेटी द्वारा बनभौरी धाम के लिए तीसरी पैदल ध्वजा यात्रा जाएगी। उन्होंने कहा कि मां भ्रामरी देवी शक्तिपीठ मां दुर्गा का ही स्वरुप है। यहां पर लाखों की संख्या में हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, राजस्थान से श्रद्धालु आते हैं और मन्नते मांगते हैं। इस अवसर पर केशियर अमित गोयल, जीत सैनी, अजय शर्मा, काका सैनी, सचिव सुनील सैनी आदि मौजूद रहे।

### परीक्षाओं में अव्वल रहे बच्चों को किया सम्मानित

**सिरसा।** जिला के गांव वैदवाला के सीनियर सैकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय पर्व के उपलक्ष्य में पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। प्रिंसीपल नीलम कुमारी ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि सेवानिवृत्त फौजी निर्मल सिंह शामिल हुए। सेवानिवृत्त फौजी निर्मल सिंह ने कहा कि इन बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। इन्हें जरूरत है बस सही दशा व दिशा देने की, क्योंकि यही बच्चे आगे चलकर देश का भविष्य तय करेंगे। समाजसेवी डॉ. गुरचरण सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों को प्रोत्साहित करते हैं और उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना को जागृत करते हैं। उन्होंने कहा कि यही बच्चे आगे चलकर देश का भविष्य बनेंगे, इसलिए शुरू से ही इनकी नींव को मजबूत किया जाए तो ये देश के विकास में अपना संपूर्ण योगदान दे सकेंगे। गांव वैदवाला के सरपंच दीप सिंह ने कहा कि ग्राम पंचायत की ओर से भी स्कूल में हर संभव सहयोग किया जा रहा है, ताकि बच्चों की पढ़ाई में कोई बाधा न आए। कार्यक्रम में मंच संचालन मंजू व बिंदू स्टाफ ने किया। इस मौके पर हंसराज, दलवीर, गुरप्रीत सिंह सहित स्कूल का स्टाफ व बच्चे मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### साइबर ठगी का आरोपी गिरफ्तार, केस दर्ज

**सिरसा।** थाना साइबर क्राइम सिरसा पुलिस ने मूलतः निवासी बिहार हाल जिला फरीदाबाद निवासी विजय शर्मा को धोखाधड़ी और जालसाजी के मामले में गिरफ्तार किया है। थाना साइबर सिरसा के उपनिरीक्षक सुभाष चंद्र ने बताया कि ऐलनाबाद निवासी विक्रम सिंह ने मुख्यमंत्री शिकायत प्रकोष्ठ चंडीगढ़ को शिकायत दी कि एक प्राइवेट कम्पनी ने लोन दिलाने के नाम पर उससे 97,584 रुपए की ठगी है। शिकायतकर्ता द्वारा जमा कराई गई राशि आरोपी विजय शर्मा के नाम पर रजिस्टर्ड कोटक महिंद्रा बैंक खाते में गई थी। सुभाष चंद्र ने बताया कि इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने उपरोक्त मामले में गंभीरता से जांच की और प्राप्त रिकॉर्ड एवं साक्ष्यों से स्पष्ट हुआ कि आरोपी विजय शर्मा इस ठगी में सक्रिय रूप से शामिल रहा है। इसी आधार पर पुलिस ने उसे नियमानुसार गिरफ्तार किया।

### जवाहर नवोदय में 11वीं में प्रवेश का आज अंतिम दिन

**सिरसा।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय ओढ़ा में कक्षा 11 में विज्ञान तथा वाणिज्य संकाय में सीटें उपलब्ध हैं। इन रिक्तियों को भरने के लिए ऑनलाइन व ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसे मेरिट अनुसार भरा जाना है। प्राचार्य ललित कालड़ा ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने सत्र 2024 -25 में कक्षा दसवीं सीबीएसई अथवा राज्य बोर्ड से पास की हो वह विद्यार्थी आवेदन करने के पात्र होंगे। जिन विद्यार्थियों ने दसवीं सीबीएसई बोर्ड से पास की है, उनको प्राथमिकता दी जाएगी। विद्यार्थी का 60 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि विज्ञान संकाय हेतु विज्ञान तथा गणित दोनों में 60 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी की जन्म तिथि 1 जून 2008 से 31 जुलाई 2010 के मध्य होनी चाहिए। प्राचार्य ने बताया कि जो विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन करना चाहता है वह विद्यालय की ईमेल 20 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि भी 20 अगस्त निर्धारित की गई है।

### युवक 17.27 ग्राम हेरोइन सहित काबू

**सिरसा।** एबीटीवी सिरसा पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को 17 ग्राम 27 मिलीग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि एएसआई राजेश कुमार के नेतृत्व में एक पुलिस की टीम गश्त के दौरान जब गांव थिराज से गांव भीमा की तरफ जा रही थी तो इसी दौरान एक युवक गांव भीमा की तरफ से आता दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर अचानक पीछे मुडक़र तेज कदमों से जाने लगा। शक के आधार पर पुलिस ने उसे काबू किया। पूछताछ में उसकी पहचान कमलदीप सिंह उर्फ साजन निवासी किलियांवाली, जिला मुक्तसर के रूप में हुई।

### पूर्व पार्षद ने नगरपरिषद पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

**सिरसा।** नगरपरिषद के अधिकारियों द्वारा विकास कार्यों में किए गए बड़े पैमाने के भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष कर रहे पूर्व पार्षद सुशील सैनी ने आरोप लगाया कि नगर परिषद में भ्रष्टाचार का खुला खेल पूर्ववत जारी है। सुशील सैनी मंगलवार को जारी बयान में कहा कि जिला नगर आयुक्त भ्रष्टाचार की मंशा से जांच को दबाकर बैठे हैं। वे अपने पद के प्रभाव का इस्तेमाल करके जांच को प्रभावित करने का काम कर रहे हैं। उपायुक्त ने जो जांच कमेटी बनाई थी, उसकी जांच की बजाय ऐसे लोगों से जांच करवाई गई जिनकी पहले से भ्रष्टाचार की जांच हो चुकी है।

### पंडित होशियारी लाल की चौथी पुण्यतिथि आज

**सिरसा।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता होशियारी लाल शर्मा की चौथी पुण्यतिथि पर 20 अगस्त को उनके परिजनों एवं समर्थकों की ओर से मोहल्ला जंडवाला स्थित बंसीवट मंदिर में श्रद्धापूर्वक मनाई जाएगी। पंडित होशियारी लाल के पुत्र एवं प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने बताया कि मंदिर प्रांगण में सुबह 9 बजे हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा और इसके बाद भंडारे का शुभारंभ होगा।

---

शहर में दो हजार से ज्यादा संख्या में ऐसे प्लाट, जहां लोग कचरा डाल रहे

# शहर में खाली प्लाट बने डस्टबिन, आमजन को बदबू के कारण उठानी पड़ रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



शहर में सेक्टर, कालोनियों और मोहल्लों के बीच खाली प्लाट डस्टबिन बनकर रह गए हैं। हालात यह है कि आसपास के नागरिकों के साथ राहगीरों को भी बदबू के करण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि यह बड़ी समस्या खुद आसपास के नागरिकों ने ही पैदा कर रखी है। शहर में ऐसा कोई आबादी क्षेत्र नहीं होगा, जहां मकानों के बीच कही न कही कोई प्लाट खाली न हो। ऐसे में लोग वक्त खाली प्लाट में कचरा डाल रहे हैं।

नगरपरिषद ठेकेदार का कचरा कलेक्शन वाहन जब किसी कारण से डोर टू डोर नहीं पहुंचता है या वाहन आने के बाद भी कुछ लोग कचरा नहीं डालते है और बाद में खाली प्लाट में कचरा फेंक कर चले जाते हैं। इससे प्लाटों में कचरा जमा हो रहा है। खास बात यह है कि प्लाटों में पड़े इस कचरे का कलेक्शन न तो डोर टू डोर कचरा कंपनी के कर्मचारी करते हैं और न ही नगरपरिषद के सफाई कर्मचारी। इसके अलावा संबंधित कॉलोनी व मोहल्ले के निवासी भी प्लाट से कचरे का कलेक्शन नहीं करवाते। जिसके कारण वर्षों तक यह कचरा प्लाट में ही जमा रहता है। जब बारिश आती है तो कचरे से बदबू आनी शुरू हो जाती है और आसपास के नागरिकों का जीना दूभर हो जाता है। राहगीरों को भी परेशानी होती है। ऐसे प्लाटों पर आसपास के लोगों के अलावा राहगीर लोग भी कचरा फैंक जाते हैं। इसके अलावा आसपास की फास्ट फूड की दुकानें, रेहडिय़ां व खोखों के संचालक भी सारा कचरा खाली प्लाटों में फैंक रहे हैं। हुडा सैक्टर 3 व मॉडल टाऊन पपीहा पार्क के सामने कारों में लोग इन फास्ट फूड सैंटरों पर आते हैं और कार में बैठकर ही अपनी 'पार्टी' करने के बाद कचरा वहीं फैंककर चले जाते हैं। इसके कारण शहर में खाली प्लाट डस्टबिन बन गए हैं और शहर की इस समाधान बड़ी समस्या का भी दिखाई नहीं देखा है। हालांकि नगरपरिषद चाहे तो शहरवासियों को इन प्लाट डस्टबिनों से छुटकारा दिला सकती है।

**सख्ती करने की मांग**

*अगर प्रशासन चाहे तो शहर में जगह-जगह बने प्लाट डस्टबिनों को खत्म करवा सकती है। लेकिन इसके लिए प्रशासन को थोड़ी सख्ती दिखानी होगी। जिन लोगों के प्लाट है, उनसे प्लाट की चारदीवार के लिए कहा जा सकता है। इसके अलावा प्लाटों में कचरा डालने वालों पर प्रशासन जुर्माना लगा सकता है। ऐसा कर प्रशासन शहर में प्लाट डस्टबिन को खत्म कर सकती है।*

### सेक्टर 3 व 9, 10 व 11 में भी कई खाली प्लाट जो कचरे से अटे है

शहर में विभिन्न स्थानों पर 2 हजार से ज्यादा संख्या में ऐसे प्लाट है, जहां लोग कचरा डाल रहे हैं। अधिकतर प्लाट आबादी के बीच में है। यहां तक कि सेक्टर-9, 10 व 11 में भी कई ऐसे खाली प्लाट हैं, जिनमें लोग कचरा डाल रहे है या प्लाटों में बारिश का पानी जमा हो रहा है, जो बदबू व बीमारियों का कारण बने हुए हैं।

खासकर सैक्टर 3 जो सबसे ज्यादा आबाद है, यहां ऐसे प्लाटों की संख्या ज्यादा है। उसके बाद जगजीवनपुरा, सूर्या इन्क्लेव, शिव नगर, मॉडल टाऊन व पुराने शहर के मोहल्ले आते हैं, जहां लोग खाली प्लाटों में कूड़ा डाल रहे हैं।

### पांच दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ

**सिरसा।** महात्मा बुद्ध योग संस्थान द्वारा आयोजित पांच दिवसीय योग कार्यक्रम का शुभारंभ बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन योगाचार्य नरेंद्र योगी की अगुवाई में हुआ। उन्होंने उपस्थित नागरिकों को योग की महत्ता के बारे में विस्तार से अवगत कराया और विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। योगाचार्य नरेंद्र योगी ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की एक कला है। नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन शांत और विचार सकारात्मक होते हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों को प्रेरित किया कि वे योग को अपनी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाए, ताकि समाज में स्वास्थ्य और सद्भाव का वातावरण स्थापित हो सके। इस अवसर पर संस्थान के पदाधिकारियों गोपाल कायत, प्रवीन मेहता, अमित सोढी, रवि अरोड़ा, सीमा मेहता, नीलम टुटेजा, वीणा तायल, किरण अरोड़ा, ओम प्रकाश ठकराल, गोलू मेहता, आकाश व आंचल ने भी योग के महत्व पर प्रकाश डाला और स्वस्थ समाज के निर्माण में योग की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि पांच दिवसीय इस कार्यक्रम में प्रतिदिन अलग-अलग योग विधियों, प्राणायाम, ध्यान तथा जीवनशैली सुधार से जुड़े विषयों पर विशेष मार्गदर्शन दिया जाएगा। संस्थान ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस योग शिविर से जुड़ें।

---

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 23 अगस्त को बड़ोपल गोशाला में कार्यक्रम में करेंगे शिरकत

■ अनेक गौशालाओं को करेगें अनुदान राशि के चेक वितरित : दुड़ाराम

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक चौ. दुड़ाराम ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 23 अगस्त को सुबह 11:00 बजे फतेहाबाद जिले की बड़ोपल गौशाला में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री महोदय गौ सेवा को बढ़ावा देने के लिए विशेष पहल करेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी फतेहाबाद जिले की विभिन्न गौशालाओं को अनुदान राशि के चेक वितरित करेंगे। यह अनुदान गौशालाओं के संचालन, गायों की बेहतर देखभाल तथा आधुनिक सुविधाओं के विकास के लिए प्रदान किया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक चौ. दुड़ाराम मुख्यमंत्री महोदय के समक्ष फतेहाबाद जिले के समग्र विकास से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यों की विस्तृत सूची प्रस्तुत करेंगे। इसमें जिले की मूलभूत सुविधाओं के विकास से जुड़े प्रस्ताव शामिल हैं। उम्मीद की जा रही है कि मुख्यमंत्री इन सभी मुद्दों पर गंभीरता से विचार करेंगे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी फतेहाबाद जिले के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की घोषणा करेंगे। चौ. दुड़ाराम ने आम जनता से अपील की है कि वे इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाग लेकर मुख्यमंत्री का स्वागत करें।

---

सैनिक सैल के राष्ट्रीय संयोजक व प्रदेशाध्यक्ष बोले

# क्षत्रिय समाज को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से सशक्त बनाना होगा : ग्रुप कैप्टन चौहान

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद

अखिल भारतीय क्षत्रिय राजपूत महासभा की बैठक लजीज होटल फतेहाबाद में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जितेन्द्र भदौरिया व कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन चंदेल ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा सैनिक सैल के राष्ट्रीय संयोजक गुरप कैप्टन जयपाल सिंह चौहान, उनकी धर्मपत्नी आशा चौहान तथा प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर छगन सिंह राठौड़ ने भाग लिया। फतेहाबाद आगमन पर महासभा के सदस्यों ने गुलदस्ता भेंट कर इनका स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए सैनिक सैल के राष्ट्रीय संयोजक गुरप कैप्टन जयपाल सिंह




**फतेहाबाद।** अतिथियों का स्वागत करते क्षत्रिय राजपूत महासभा के पदाधिकारी।

चौहान ने कहा कि संगठन को मजबूत व एकजुट करने के लिए सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से सशक्त बनाना होगा। जैसे शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सुधार लाना आवश्यक है। प्रदेशाध्यक्ष छगन सिंह राठौड़ ने कहा कि हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। अपने समुदाय को एक मजबूत, समृद्ध और गौरवशाली भविष्य की ओर ले जाएंगे। इस अवसर पर उन्होंने जिला कार्यकारिणी सदस्यों के साथ आगामी गतिविधियों को लेकर विचार विमर्श किया। सचिव रमेश चौहान ने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद किया और उनसे प्रेरणा लेकर इस पर अमल करने की बात कही। जिला अध्यक्ष जितेन्द्र भदौरिया ने जिला सदस्यों के साथ अतिथियों का परिचय रवाया। इस अवसर पर उपप्रधान किरण पाल चंदेल, सहसचिव रणबीर भाटी, कोषाध्यक्ष रोशनलाल महांस, कानूनी सलाहाकार पवन चौहान, भंवर रघुराज राठौड़, जगदीश छौक्कर व अन्य मौजूद रहे।

---

'सम्मान से जीवन अधिकार से रक्षा'

# सद्गुरू कृपा आश्रम में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम सीजेएम ने नागरिकों व बच्चों के साथ किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में सद्गुरु कृपा अपना घर वृद्ध आश्रम में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण सचिव गायत्री के सानिध्य में वरिष्ठ नागरिकों के लिए कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सीजेएम गायत्री ने वरिष्ठ नागरिकों व बच्चों के साथ पौधारोपण भी किया।

सीजेएम गायत्री ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अनमोल धरोहर है जिनके अनुभव व आशीर्वाद से नई पीढ़ी सही दिशा



**फतेहाबाद।** सद्गुरु कृपा अपना घर में बुजुर्गों व बच्चों के साथ पौधारोपण करती सीजेएम गायत्री। फोटो :हरिभूमि

पाती है। कानूनी जागरूकता कैंपेन में वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण अधिनियम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए कानूनी सेवाएं योजना, 2016 की स्थापना की है। यह योजना कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत वरिष्ठ नागरिकों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करती है। इसके अलावा बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि 18 साल से कम आयु की लडक़ी और 21 साल से कम आयु के लडक़े की शादी करना कानूनी रूप से दंडनीय अपराध है। इस कार्यक्रम के आयोजन से सद्गुरु कृपा अपना घर में रह रहे वरिष्ठ नागरिक छोटे-छोटे स्कूली बच्चों को देखकर अपने पारिवारिक जीवन की यादों में खो गए व उन स्कूली बच्चों से मिले स्नेह प्यार से सभी वरिष्ठ नागरिक खुश नजर आए। स्कूली बच्चों ने वरिष्ठ नागरिकों को अपने हाथों से फल वितरित किए, जिन्हें वरिष्ठ नागरिकों ने बड़े प्यार से स्वीकार किया। इस दौरान छोटे-छोटे बच्चे भी वरिष्ठ नागरिकों के

---

# फतेहाबाद पुलिस ने 8 ड्रग पीड़ितों को चिन्हित कर उपचार की राह दिखाई

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद

एसपी सिद्धांत जैन के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज विशेष अभियान चलाया गया। इस क्रम में एसआई सुंदर के नेतृत्व में नशा मुक्ति टीम ने एडीजीपी कार्यालय प्रवक्ता के साथ मिलकर वार्ड नंबर 14, रतिया में गहन सर्वे किया और नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। सर्वे के दौरान टीम ने कुल 8 ड्रग पीड़ितों को चिन्हित किया, जिन्हें शीघ्र ही स्वास्थ्य विभाग एवं आयुष विभाग की मदद से नशा मुक्ति शिविर में उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। इसी कड़ी में, गांव हसंगा के



**फतेहाबाद।** युवाओं को जागरूक करते जिला पुलिस की नशामुक्ति टीम सदस्य।

2 और गांव अलालवास के एक ड्रग पीड़ित को नागरिक अस्पताल से उपचार दिलवाकर स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ा गया। यह कदम नशा पीड़ितों को मुख्यधारा से जोडऩे और उन्हें स्वस्थ जीवन की ओर ले जाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा कि नशा समाज को खोखला कर देता है। फतेहाबाद पुलिस का लक्ष्य केवल नशे के कारोबारियों पर सख्त कार्रवाई करना ही नहीं, बल्कि पीड़ितों को उपचार व परामर्श देकर पुनः समाज की मुख्यधारा में शामिल करना भी है। इस दिशा में हर नागरिक का सहयोग बेहद जरूरी है। पुलिस जनता से अपील करती है कि अभियान को सफल बनाए।

---

ज्ञान ज्योति स्कूल में सीबीएसई कलस्टर एथलेटिक चैंपियनशिप

# शाह सतनाम सिंह गर्ल्स स्कूल बना ओवरऑल चैंपियन

हरिभूमि न्यूज.सिरसा

*खेलों में शॉटपुट के अंडर-17 आयु वर्ग में एमडी सीनियर सकेंडरी स्कूल की छात्रा हनप्रीत ने 13.69 मीटर शॉटपुट में उच्च रिकॉर्ड बनाया*



सिरसा। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते हुए।

ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल दड़बा कलां में बीती 15 अगस्त से जारी चार दिवसीय केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड क्लस्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन हो गया। स्कूल के प्राचार्य अरविंद कूकना ने बताया कि इस वर्ष खेलों में शॉटपुट के अंडर-17 आयु वर्ग में एमडी सीनियर सकेंडरी स्कूल की छात्रा हनप्रीत ने 13.69 मीटर शॉटपुट में उच्च रिकॉर्ड बनाया।

उन्होंने बताया कि इस एथलेटिक चैम्पियनशिप में हरियाणा, हिमाचल प्रदेश के विभिन्न स्कूलों के लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया जबकि इस प्रतियोगिता में सेट ल्यूक, सोलन, लिटल प्लावर स्कूल, कैथल, डीएवी, टोहाना, गुरूकुल, पंचकुला, समसारा पब्लिक स्कूल, शेखपुरा, एसपीएस, जीवननगर, एमआईएडीएवी स्कूल, मेहतापुर, एपीएस अंबाला कैंट, मुकंदलाल पब्लिक स्कूल, यमुनानगर, आईशर स्कूल, सोलन के अलावा कुल 33 स्कूल की टीमों ने भाग लिया। इन खेलों में शाह सतनाम सिंह गर्ल्स स्कूल, सिरसा की टीम ओवरआल चैम्पियन बनी, जबकि रॉयल इंटरनेशनल सैनिक स्कूल, खाराखेड़ी की टीम रनर अप रही। समापन समारोह में विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। सीबीएसई ऑब्जर्वर प्रकाश चंद ने बताया कि स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाने वाली एक महत्वपूर्ण खेल प्रतियोगिता है, जिसमें लड़कियों और लडक़ों के लिए अलग-अलग आयु वर्गों में प्रतियोगिताएं होती हैं। यह प्रतियोगिता क्षेत्रीय क्लस्टर, जोनल और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाती है। उन्होंने बताया कि सीबीएसई क्लस्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों की छात्राओं के लिए एक मंच प्रदान करती है, जहां वे ट्रैक और फील्ड इवेंट्स में अपनी प्रतिभा दिखा सकती हैं। यह प्रतियोगिता शारीरिक फिटनेस, खेल भावना और समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की जाती है। लड़कियों के लिए यह प्रतियोगिता अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्गों में आयोजित होती है। इस प्रतियोगिता में ट्रैक इवेंट्स 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर दौड़, रिले रेस (4&100 मीटर) के अलावा फील्ड इवेंट्स में लॉन्ग जंप, हाई जंप, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें अंडर-14, अंडर-17, अंडर-19 आयु वर्ग की लड़कियों ने भाग लिया। इस समापन समारोह में कोच सुखदीप सिंह, अजब सिह, कृष्ण औजला, आशिश ककड़ व सांचेज ऐलावादी मौजूद रहे।

### मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर फसलों के पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 अगस्त

**फतेहाबाद।** हरियाणा सरकार की ओर से मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर खरीफ फसलों का पंजीकरण किया जा रहा है। सरकार द्वारा पंजीकरण के लिए निर्धारित अंतिम तिथि 31 अगस्त है, ऐसे में जिन किसानों ने अभी तक खरीफ फसलों का पंजीकरण नहीं करवाया है, वह 31 अगस्त तक पोर्टल पर पंजीकरण करवा सकते हैं। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसान का पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। ऐसे में किसान को किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने व फसलों को सरकार द्वारा निर्धारित दाम पर बेचने के लिए जरूरी है कि जिला के किसान पोर्टल पर अपनी बोई गई खरीफ फसल का ब्यौरा दर्ज कराने का पंजीकरण अवश्य करवाएं। किसान की ओर से पोर्टल पर दर्शाई गई फसल का भौतिक सत्यापन भी करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार के पास सभी किसानों का ब्योरा आने के बाद उन्हें मंडी में बुलाना आसान हो जाता है। किसानों के मोबाइल फोन नंबर पर मैसेज भेजकर उन्हें मंडी में किस दिन व किस वक्त आना है, की जानकारी प्रदान की जाती है। उन्होंने जिला के किसानों से आह्वान करते हुए कहा कि जो किसान अपने खेतों में खरीफ फसलों की बुवाई कर चुके हैं। वे उपरोक्त पोर्टल पर अपनी फसलों का पंजीकरण अवश्य करा लें।

### जिला में 13 सितंबर को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत : सीजेएम गायत्री

**फतेहाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 13 सितंबर शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यह लोक अदालत जिला व उपमंडल के न्यायालय परिसर में आयोजित की जाएगी। लोक अदालत का आयोजन हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के दिशा निर्देशानुसार जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन दीपक अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन में किया जा रहा है। सीजेएम एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव गायत्री ने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से पक्षकारों को तेजी से सुलभ एवं आपसी सहमति से न्याय प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। सीजेएम गायत्री ने आमजन से अपील की है कि जिन भी पक्षकारों के मामले लंबित हैं, वे लोक अदालत के माध्यम से अपने विवादों का निपटारा कर लाभान्वित हों। लोक अदालत में आपसी सहमति से निपटाए गए मामलों का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा और इसके विरुद्ध कोई अपील नहीं की जा सकेगी। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन, मोटर व्हीकल एक्सीडेंट, एनडीपीएस एक्ट, फौजदारी, दीवानी, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद का निपटारा किया जाएगा।